# कंटेनर ने बाइक को टक्कर मारी, 5 की मौत

## बाइक सवार दंपती, दो बच्चे और एक अन्य ने मौके पर ही तोड़ा दम

**भिंड, 30 सितंबर. भिंड में कंटेनर ने दो बाइक को टक्कर मार दी. बाइक सवार दंपती, उनके दो बच्चे और एक अन्य की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद कंटेनर घटनास्थल से कुछ ही दूर पर खड़ा मिला. दंपती का बड़ा बेटा घर पर ही था, उसे हादसे की जानकारी नहीं है.**



हादसा फूप इलाके में ग्वालियर-इटावा नेशनल हाईवे-719 पर टेढ़ा की पुलिया के पास हुआ. एक पूरा परिवार खत्म हो गया. भिंड के रहने वाले एक गोताखोर की भी जान चली गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. मृतकों में एक गोताखोर भोला शामिल है. एक बाइक पर गोताखोर, दूसरी पर एक अन्य परिवार था. जानकारी के अनुसार गोरी तालाब के रहने वाला गोताखोर भोला खान अपनी बाइक से बेटी को लेने इटावा जा रहा था. इसी दौरान सौरा गांव निवासी सुनील बघेल (35), पत्नी पपीता (32), बेटा छोटे (5) और बेटी अंशु (15) को बाइक पर लेकर रिश्तेदार के घर नवदुर्गा पूजन के लिए जा रहा था. तभी एक अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी. लोगों ने बताया हादसे के बाद बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई. पुलिस कंटेनर ड्राइवर की तलाश कर रही है. सुनील अपने परिवार के साथ गाजियाबाद में रहता था. वह कंटेनर चलाता था. चार दिन पहले ही वह अपने गांव सौरा आया था. कंटेनर उसने गाजियाबाद की एक पार्किंग में खड़ा कर दिया था. इस बीच, उसकी पत्नी और बच्चे ननिहाल गए हुए थे.आज सुनील पहले बाइक से ससुराल पहुंचा और वहां से पत्नी और बेटा-बेटी को साथ लेकर चाचा के घर फूप जा रहा था. रास्ते में हादसा हो गया.

### इधर, बस से तीन आदिवासी बच्चों की ली जान

पन्ना,30 सितम्बर . जिला मुख्यालय के छतरपुर अजयगढ़ बाईपास मार्ग गोस्वामी फॉर्म हाउस के समीप टूरिस्ट बस जोकि कथित तौर पर पन्ना से जेके सीमेंट कम्पनी के कर्मचारीयों को प्लांट लेकर जाने का काम करती है। चालक ने मोटरसाइकिल सवार तीन बच्चों को टक्कर मार दी. बताया गया कि टूरिस्ट कंपनी की बस एमपी 16 पी 0273 जो की बाईपास मार्ग गोस्वामी फॉर्म हाउस से सड़क पर बैक हो रही थी तभी पन्ना शहर के चिमट गहरा निवासी रिश्ते में मामा बुआ के भाई बहन बड़ी देवी माता के दर्शन करके वापस लौट रहे थे . तभी रास्ते में टूरिस्ट कंपनी की बस जो की जीके सीमेंट प्लांट में कर्मचारियों को लाने ले जाने का कार्य करती है. जानकारी अनुसार चिमट निवासी लालकरण आदिवासी पिता जुग्गा आदिवासी उम्र 18 वर्ष अपने मामा की लड़की अंजलि आदिवासी पुत्री रानधीरा आदिवासी उम्र 12 वर्ष अनारकली आदिवासी पुत्री रणधीर आदिवासी उम्र 10 वर्ष दोनों निवासी गहरा एनएमडीसी को लेकर गहरा कुंजुमन से बड़ी देवी माता की पूजा करने के लिए गया हुआ था . जहां से आज सुबह लगभग 6 .45 के आसपास वापस छतरपुर मार्ग के लिए लौट रहा था तभी गोस्वामी फॉर्म हाउस के सामने टूरिस्ट कंपनी की यात्री बस एमपी 16 पी 0273 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर पीछे से टक्कर मार दी . जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीनों किशोर बच्चों की

# 1 .4 करोड़ कीमत की जमीन खाली कराई

**सरकारी जमीन पर किया अवैध निर्माण ढहाया**

**शिवपुरी, 30 सितंबर. जिले के खनियाधाना नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-2, नई बस्ती में स्थित मस्जिद के पास सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को प्रशासन की टीम ने ढहा दिया.**



हिटैची मशीन का उपयोग कर यह कार्रवाई की गई. अतिक्रमण मुक्त कराई गई इस 5 हजार वर्गफीट जमीन की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 40 लाख रुपए बताई जा रही है. सर्वे नंबर 265 की इस सरकारी जमीन पर दाऊद अली और कल्लू खान ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था. उन्होंने इस जमीन पर पिलर खड़े कर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया था. मामले की शिकायत राजस्व विभाग को मिली थी. इसके बाद पिछोर एसडीएम ममता शाक्य ने खनियाधाना तहसीलदार निशिकांत जैन को जांच के निर्देश दिए. जांच में शिकायत सही पाई गई और सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण की पुष्टि हुई. एसडीएम ममता शाक्य, तहसीलदार निशिकांत जैन, नप खनियाधाना व पुलिस अमले ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से इस अवैध कब्जे को हटा दिया.

## उप निरीक्षक से मारपीट, आरोपी जेल भेजा

**देवास.** उज्जैन चौराहा स्थित पोस्ट ऑफिस के पास सोमवार को उप निरीक्षक पूनमचंद्र सोलंकी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया. पुलिस के अनुसार, आरोपी आदित्य कौशल (पिता नवीन कौशल, निवासी कर्मचारी कॉलोनी, देवास) ने उप निरीक्षक की कॉलर पकड़कर जोर से धक्का दिया, जिससे वे गिर गए और हल्की चोटें आईं. इस दौरान आरोपी ने अश्लील गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी. घटना की सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया.

# हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें : शुक्ल

**स्वास्थ्य शिविर को उप मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

**रीवा, 30 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि निरोगी काया तभी होगी जब हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें.**



सेवा पखवाड़ा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें महिलाएँ, बच्चे, किशोरी बालिकाएँ एवं अन्य लोग भी अपने स्वास्थ्य की जांच करायें तथा स्वास्थ्य रीवा विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करें. शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में किरण सेवा संस्थान के संयोजकत्व में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता एवं टेधस्टग शिविर का आयोजन किया गया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक रक्तविकार है जिससे बीमारी होती है इसकी जांच के उपरांत इलाज आवश्यक है. उन्होंने कहा कि किरण सेवा संस्थान बधाई की पात्र है जो इस क्षेत्र में सिकल सेल की जांच व उपचार का कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये नियमित दिनचर्या में प्राणायम, योगासन, ध्यान करते हुए खानपान में सावधानी रखें. शुक्ल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे राइट टू स्क्रीनिंग अभियान का लाभ लें व स्वास्थ्य की जांच करायें. उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्युदर को कम करने के प्रयास जारी हैं.

# 650 पिस्टल का सामान व 10 देसी कट्टे जब्त

**खंडवा, 30 सितंबर. बोलेरो वाहन में चलती फिरती मोबाइल फैक्ट्री जप्त की है. इस फैक्ट्री में मौत का सामान बनाया जाता था. पुलिस के हाथे ना चढ़ें, इसलिए देसी कट्टे और पिस्टल बनाने का सामान टुकड़ों में रखे जाते थे.**



10 देसी कट्टे और पिस्तौल के अलावा 650 पिस्टल बन जाएं, इतने सामान का जखीरा पुलिस ने पकड़ा है. सीधा-साधा देखने वाला भोलू उर्फ मड्डा जरा सी कीमत में घातक हथियार देश भर को सप्लाई कर रहा था. पिस्टल पकड़ा जाते थे. नई तरकीब निकली गई. सौदा होते ही उतना सामान मौके पर असेंबल करने वाले के साथ भेज दिया जाता था. इतनी चालाकी के बावजूद पदम नगर पुलिस ने भोलू और मड्डा सिंह को पकड़ लिया. इसमें डीआईजी तथा खंडवा एसपी की टीमें लगी हुई थीं. भोलू और मड्डा सिंह जरा सी कीमत में मौत का सामान बांट रहा था. इसके संपर्क निमाड़ के अलावा इंदौर व देश के कई राज्यों में थे. बिहार चुनाव हाल ही में हैं. निमाड़ के हथियार देश भर में मौत बांट रहे थे. इस अपराधी से भारी मात्रा में पिस्टल और देसी कट्टे बनाने का सामान जिसमें भारी मात्रा में बैरल, शटर नाली मिली हैं.

मौत का सामान बांटने वाला भोलू इतना शातिर था, कि लंबे समय से खंडवा और खरगोन की पुलिस उसे खोज रही थी. उसे पकड़वाने वाले पर 10000 का इनाम भी रखा था. एक मुखबिर ने बात ही दिया कि, बिना नंबर की सफेद रंग की बोलेरो नियो गाडी के 3 व्यक्ति पुनासा तरफ से आ रहे हैं. जिनके पास पिस्टलें तथा पिस्टल बनाने का सामान हो सकता है. तीनों आरोपी विक्रम पिता मानसिंह, रवि पिता सालकराम, जितेन्द्र पिता दिलीप जोशी के कब्जे से एक देशी पिस्टल मिली.

# झाबुआ में शुरू हुआ आजीविका फ्रेश मेला

**वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित मेला 2 अक्टूबर तक**

**झाबुआ 30 सितम्बर. जिला प्रशासन झाबुआ द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ''आजीविका फ्रेश मेला'' का आयोजन आजीविका कला दीर्घा भवन झाबुआ में किया जा रहा है.**

मेले का आज औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्रसिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया. मु.का.अधि. जिला पंचायत चौहान, अपर कलेक्टर सी.एस.सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया व उत्पादकों के कार्य की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया. श्री चौहान द्वारा स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा बने उत्पादों को खरीद कर अन्य लोगों को भी इन्हें खरीदने हेतु प्रेरित किया गया.

मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य चेकअप भी किया जा रहा है. यहां प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्वयं स्वास्थ्य चेकअप कराकर मेले में पधारे लोगों को प्रोत्साहित किया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री चौहान द्वारा कहा गया प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की दीदीयों की आय एवं आजीविका में वृद्धि हेतु वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित ''आजीविका फ्रेश मेला'' का आयोजन किया गया है. समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, उनके स्टाफ व आमजन से उत्पादकों द्वारा बने उत्पाद को खरीदने का आग्रह किया. अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ द्वारा भी मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त कर इस मेले का लाभ लेने को कहा . आज से शुरू यह तीन दिवसीय मेला 2 अक्टूबर तक प्रात : 10 :00 बजे से सायं 09 .00 तक रहेगा .



**मुख्यमंत्री ने खरीदी सिंघाड़े**

उज्जैन . सीएम मोहन यादव ने नगरकोट माता मंदिर के पास से सिंघाड़े खरीदे .

# जंगली सुअर का शिकार केस में दो पकड़ाए

**जंगल में किया था शिकार, वन अमले ने सामाग्री की जब्त**

**छिंदवाड़ा, 30 सितंबर. पश्चिम वन मंडल के सांवरी वनपरिक्षेत्र के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने के मामले में वन अमले दो आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से शिकार करने वाली सामाग्री भी जब्त किया है.**



ज्ञात हो कि 25 सितंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि वन अमले को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगली सुअर का शिकार कर उसका मांस लेकर जा रहे है. उक्त बात की सूचना मिलने के बाद वन अमले ने छिंदवाड़ा -मुलताई मार्ग में जंगली सुअर का 18 किलो कच्चा मांस ले जाते हुए ग्राम सोनपठार निवासी सुनील, वरणलाल धुर्वे, राजेश और मंशुलाल धुर्वे को को गिरफ्तार किया था और उनके पास से जंगली सुअर का मांस जब्त कर सभी के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था. वन अमले की पूछताछ में उन्होंने बताया था कि उसके साथी रमेश पिता सेकु उईके और रविन्द्र पिता जियालाल धुर्वे भी शामिल थे. बीते दिवस वन अमले ने रमेश धुर्वे और रविन्द्र धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया. दोनों आरोपी को लेकर आज वन अमला घटना स्थल पर पहुंचा जहां पर उन्होंने जंगली सुअर का शिकार किया था.

# भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए

**एसपी ने किया मंदिर में सुरक्षा व व्यवस्थाओं का निरीक्षण**

**बड़वानी, 30 सितंबर. एसपी जगदीश डावर ने 30 सितम्बर को बड़ी बिजासन माता मंदिर पहुंच सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

नवरात्रि पर्व पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाराष्ट्र व कई स्थानों से दर्शन के लिए आते हैं. मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग 3 एबी रोड पर स्थित होने से पर्व पर भारी यातायात दबाव व श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना रहती है. इसे ध्यान में रखते हुए एसपी ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग, श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि रखी जाए. भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए. सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी की जाए. बैरिकेडिंग एवं ट्रैफिक डायवर्जन की सुव्यवस्थित योजना समय रहते लागू हो. साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रहकर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराएं. निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित थे.

# कान्हा रिजर्व विस्थापन की अफवाह झूठी

## भैंसवाही शिविर में मिला समाधान

**बालाघाट, 30 सितंबर. नक्सल प्रभावित ग्राम भैंसवाही में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक श्रॉफ, एएसपी आदर्श कांत शुक्ला, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता सहित अधिकारी उपस्थित रहे.**



अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और किसानों की फौती दर्ज करने, किसान सम्मान निधि एवं पेंशन योजनाओं से वंचित पात्रों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए. कलेक्टर मीना ने कहा कि कान्हा टाइगर रिजर्व से विस्थापन संबंधी अफवाहें निराधार हैं, किसी भी गांव को विस्थापित नहीं किया जा रहा. एएसपी शुक्ला ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि नक्सलियों की विचारधारा खोखली है तथा आत्मसमर्पण करने वालों को शासन की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी. शिविर में विभिन्न योजनाओं के लिए 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कलेक्टर द्वारा 40 आवेदनों का निराकरण किया गया.

## हितग्राही मूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत करें क्रियान्वन : चन्दशेखर

**सिंगरौली 30 सितम्बर.** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का विभागीय अधिकारी लक्ष्य के अनुरूप क्रियान्वन करे एवं सीएम सीखो कमाओं योजना अंतर्गत कम्पनियों का पंजीयन कर लक्ष्यपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करे. उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया. बैठक में कलेक्टर ने विभागवार हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की तथा कलेक्टर कमिश्नर कांफ्रेंस में निहित किए गए बिंदुओ के निराकरण तथा प्रगति की समीक्षा की.

# प्रसाद के बहाने जहरीले लड्डू खिलाए, बेहोश कर लूट ले गए नकदी और गहने

**ग्वालियर, 30 सितंबर. लुटेरों ने भैंस के लिए प्रसाद चढ़ाने का बहाना बनाते हुए लड्डूओं में जहर डालकर एक परिवार को प्रसाद खिलाकर बेहोश कर दिया.**

इसके बाद मौके का फायदा उठाते हुए कीमती सामान और कैश लूट कर फरार हो गए. परिवार के मुखिया का कहना है लुटेरों ने जान से मारने की नीयत से यह वारदात की है. डबरा देहात के ग्राम सालवई में रहने वाले किसान कुलवंत कुशवाह ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके गांव के ही रहने वाले गिरिराज परिहार कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके घर पहुंचा. उसने कहा कि मेरी भैंस दूध नहीं दे रही है. इसलिए, कसाई बाबा पर प्रसाद बोला था, तुम मेरे साथ चलकर प्रसाद बटवा दो, ताकि भैंस दूध देने लगे. ऐसे में कुलवंत कुशवाह और गिर्राज परिहार के कहने पर उनके साथ चला गया. वापसी में बचे प्रसाद को गिरिराज ने कुलवंत और उसके परिवार को दे दिया. कुलवंत ने लड्डुओं को भाई और परिवार में देने के साथ ही खुद भी खा लिया. प्रसाद खाते ही सभी लोग बेहोश हो गए, जब गिर्राज को होश आया, तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी में रखे 1 लाख नगद कैश समेत सभी जेवरात भी गायब है. ऐसे में कुलवंत ने परिवार के अन्य सदस्यों को बेहोश देख स्थिति समझते हुए पुलिस टीम ने सभी को सिविल हॉस्पिटल डबरा में भर्ती कराया.

**आयोजन** शासकीय महाविद्यालय मड़वास में स्वदेशी जागरण रैली आयोजित, सांसद बोले

# स्वदेशी की अवधारणा को जनजन तक पहुंचाए

**सीधी, 30 सितंबर.सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की अध्यक्षता में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वदेशी जागरण रैली का आयोजन सम्पन्न हुआ.**




कार्यक्रम में विधायक धौहनी द्वारा विधायक निधि से प्रदत्त शासकीय महाविद्यालय के कक्षों का मरम्मतीकरण पश्चात कक्षों का शुभारंभ भी किया गया. इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अभ्युदय प्रताप सिंह, के.के. मिश्रा, पवन मिश्रा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति मझौली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ.

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . आई .पी . प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की आवश्यकताओं एवं मांगपत्र के बारे में जानकारी दी . मुख्य अतिथि सांसद डॉ . राजेश मिश्रा ने स्वदेशी जागरण सप्ताह के अंतर्गत स्वदेशी की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया . उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नशामुक्ति की शपथ दिलाई . सांसद ने महाविद्यालय के अन्य कक्षों के जीर्णोद्धार तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के निराकरण की भी बात कही .विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने की बात कही . उन्होंने कुछ समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु जनपद पंचायत सीईओ मझौली, आर .ई .एस . और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए .कार्यक्रम में पिछले वर्ष की भारतीय ज्ञान परंपरा प्रतियोगिताओं में संभाग स्तरीय भाग लेने वाले छात्रों का सम्मान किया गया . साथ ही इस वर्ष शतरंज और बैडमिंटन खेल विधा की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को भी सम्मानित किया गया .

# बालाघाट जिले के पहले राहवीर बने डॉ . असाटी

**भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया**

**बालाघाट, 30 सितंबर. भोपाल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह में 30 सितम्बर को मुख्य अतिथि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे.**



जिले के मोहगाँव-मलाजखंड निवासी डॉ. अंकित असाटी को सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाने पर राहवीर योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया है. उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है. इस अवसर पर परिवहन सचिव मनीष सिंह, परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा और एसआईओ एनआईसी कमलेश जोशी भी उपस्थित थे. डॉ. असाटी ने 13 अगस्त 2025 को मलाजखंड में एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक अक्षय तेकाम को समय पर सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाई थी. उन्होंने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंचाया.

डॉ . असाटी ने सभी से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को अकेला न छोड़ें और समय पर सहायता प्रदान करें, जिससे हम सब मिलकर सच्चे 'राहवीर' बन सकते हैं . उन्होंने कहा कि यदि हर कोई इस तरह की पहल करेगा, तो हम समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं और अधिक लोगों की जान बचा सकते हैं . डॉ . असाटी का यह कार्य न केवल बालाघाट जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है . डॉ . असाटी की इस पहल ने न केवल अक्षय की जान बचाई, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति मानवता की सेवा में आगे आ सकता है .